| | |
|---|---|
| News Date | 08-08-2018 |
| Publication | Rashtriya Sahara |
| Media Type | Newspapers |
| Publication Type | Regional Daily Newspaper |
| Page No. | 14 |
| Language | Hindi |
| Edition | New Delhi |

# पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप संपन्न

नई दिल्ली (एसएनबी)। पीएनवी मेटलाइफ जूनियर वैडमिंटन चैंपियनशिप (जेवीसी) 2018 के चौथे संस्करण का शानदार समापन राजधानी के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित पुरस्कार समारोह के साथ हुआ। इस दौरान चार श्रेणियों लड़कों और लड़कियों के अंडर-9, अंडर-11, अंडर-15 और अंडर-17 में आठ युवा शटलर्स को विजेता घोषित किया गया। टूर्नामेंट में इन विजेताओं के साथ लड़कों और लड़कियों के समूहों में प्रत्येक श्रेणी के लिए उपविजेता और सेमीफाइनल में पहुंचने वाले चोटी के दो खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया।

भारत के लीजेंड वैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि देश में यह खेल तेजी से लोकप्रिय होता जा रहा है और इन युवा प्रतिभाओं को देखते हुए कहा जा सकता है कि वैडमिंटन में देश का भविष्य सुरक्षित है। समापन समारोह पीएनवी के प्रवंध निदेशक सुनील मेहता विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के एक वड़े पूल तक पहुंचने के लिए इस साल यह आयोजन 10 शहरों में किया गया जवकि पिछले साल इसका आयोजन आठ शहरों में किया गया था। इस साल प्रतिभागियों की संख्या 8500 तक पहुंच गई थी जवकि पहले साल यानी 2015 में यह संख्या सिर्फ 3000 थी।



*नई दिल्ली :* जनियर बैडमिंटन चैंपियशिप में सम्मानित शटलर।